सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी

आचार्य प्रथम सेमेस्टर विश्वविद्यालय–परिसर प्रवेश–सूचना शैक्षणिक वर्ष–2025–2026

कार्यालयीय–ज्ञाप

पूर्व निर्गत कार्यालयीय–ज्ञाप छा0क0सं0 पत्रांक –1385/2025 दिनांक –11.09.2025 द्वारा शैक्षणिक वर्ष 2025–26 के प्रवेशार्थियों को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय परिसर में संचालित आचार्य प्रथम सेमेस्टर सत्र 2025–26 के कक्षाओं में प्रवेश की तिथि दिनांक 05.10.2025 तक निर्धारित की गयी थी जो अब **दिनांक 10.10.2025** तक विस्तारित की जाती है। आचार्य प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश के इच्छुक छात्रों को निर्देश दिया जाता है। कि प्रवेशावेदनपत्र पूरित करने हेतु सभी आवश्यक निर्देश विश्वविद्यालय के वेबसाइट **www.ssvv.ac.in(Admission→Campus Admission Portal-2025-26→htts://ssvvadm.samarth.edu.in→New Registration)** पर उपलब्ध है। प्रवेशावेदनपत्र भरने के पूर्व दिशा–निर्देशों को भलीभाँति पढ़ लें तथा प्रवेश निदर्शिका में वर्णित नियमों के अनुसार विषय की प्रविष्टियों का चयन करें। साथ ही यह भी सूच्य है कि जो छात्र छात्रावास में रहने के इच्छुक है, वे छात्रावास का विकल्प अवश्य चयन कर लें। प्रवेश हेतु ऑनलाइन पद्धति से पेमेण्ट गेटवे के द्वारा शुल्क जमा करें। आचार्य प्रथम सेमेस्टर सत्र 2025–26 के प्रवेशार्थियों की प्रवेश–प्रक्रिया को ऑनलाइन प्रवेशावेदनपत्र पूरित करने के बाद वरीयता क्रम (मेरिट लिस्ट) के माध्यम से प्रवेश पूर्ण किया जायेगा।

प्रवेश के इच्छुक छात्रों से अपेक्षा की जाती है कि **10.10.2025** तिथि **तक** अपना प्रवेशावेदन पत्र पूरित कर लें। आचार्य प्रथम सेमेस्टर के छात्र अपना प्रवेशावेदनपत्र डाउनलोड करके अपने पास सुरक्षित रख लें। जिन्हें यथास्थान अपेक्षित अभिभावक/संरक्षक इत्यादि का हस्ताक्षर कराकर काउन्सिलिंग के समय उपस्थित होना अनिवार्य है। समस्त प्रवेश प्रक्रिया समर्थ पोर्टल के माध्यम से सम्पादित हो रहा है।

क्र.सं.	कार्यक्रम–विवरण	तिथि
1.	**आचार्य प्रथम सेमेस्टर कक्षा में आनलाईन प्रवेश की अन्तिम तिथि**	**10.10.2025 तक**
2..	आचार्य प्रथम सेमेस्टर के मेरिट सूची का प्रकाशन	12.10.2025
3.	आचार्य प्रथम सेमेस्टर के प्रवेश/काउन्सिलिंग की तिथि	15.10.2025 से 17.10.2025 तक
4.	विश्वविद्यालय के शुल्क काउन्टर पर शुल्क जमा करने की तिथि	15.10.2025 से 17.10.2025 तक

नोट 1– प्रवेश पंजीकरण हेतु शुल्क रू0 200/–

2– आचार्य प्रथम सेमेस्टर का प्रवेश शुल्क रू0 1700/–

3–ऐसे छात्र जो **आचार्य प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश के लिए** आनलाईन समर्थ पोर्टल के माध्यम से अपना प्रवेशावेदन पूरित कर चुके है वे अपना प्राप्तांक/पूर्णांक करेक्शन विन्डों के माध्यम से सुधार कर लें।

(प्रो0 शैलेश कुमार मिश्र)
छात्रकल्याणसंकायाध्यक्ष
सं0सं0वि0वि0,वाराणसी

छा0क0सं0 पत्रांक– 1420/2025 दिनांक – 05.10.2025
प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ हेतु प्रेषित –

1– कुलपति के सचिव, कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।
2– समस्त संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष।
3– मुख्य प्रतिपालक/विनयाधिकारी।
4– आशुलिपिक कुलसचिव/वित्त अधिकारी/परीक्षा नियंत्रक।
5– संगणक केन्द्र को इस आशय से प्रेषित कि प्रवेशार्थियों में समन्वय स्थापित करते हुए संगणक केन्द्र द्वारा हेल्प डेस्क के रूप में समस्याओं के निवारणार्थ एवं साथ ही निर्धारित तिथि तक आरक्षण नियमों के अनुसार विभागवार मेरिट सूची प्रकाशित करें तथा छात्रकल्याणसंकाय को भी प्राप्त कराने का कष्ट करें।
6– जनसम्पर्क अधिकारी को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना को दैनिक समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशित करायें।
7– शाखा प्रबन्धक, इण्डियन बैंक (पूर्ववर्ती इलाहाबाद बैंक)सं.सं.वि.वि.,वाराणसी को इस आशय से प्रेषित कि उक्त कार्यक्रमानुसार यथाप्रयुक्त पंजीकरण एवं अन्य शुल्क का ऑनलाईन पेमेण्ट सिस्टम (पेमेण्ट गेटवे) के माध्यम से जमा करने की व्यवस्था करने का कष्ट करें।
8– सम्बद्ध पत्रावली / समस्त सूचना पट्ट।

(प्रो0 शैलेश कुमार मिश्र)
छात्रकल्याणसंकायाध्यक्ष
सं0सं0वि0वि0,वाराणसी